# अर्धवार्षिक परीक्षा हेतु अनुमानित प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 1

समय : 3 घंटे 15 मिनट

अधिकतम अंक : 80

## खंड -'क' अपठित-अंश

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 9

ज़ाकिर साहब से मिलने के लिए समय प्राप्त करने में देर नहीं लगती थी। एक बार मेरी एक सहेली ऑस्ट्रेलिया से भारत की यात्रा करने आईं। अपने देश में वे भारतीयों की शिक्षा के लिए धन एकत्र किया करती थीं। एक भारतीय बच्चे को उन्होंने गोद भी ले लिया था। ज़ाकिर साहब ने तुरंत उनसे मिलने के लिए समय दिया और देर तक बैठे उनके कार्य, उनकी भारत-यात्रा के बारे में सुनते रहे। हिंदी सीखने के बारे में एक बार जब उनसे प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा, ''मेरे परिवार के एक बच्चे ने जब गांधी जी से ऑटोग्राफ़ माँगा तो उन्होंने अपने हस्ताक्षर उर्दू में किए, उसी दिन से मैंने अपने मन में निश्चय कर लिया कि हिंदी-भाषियों को अपने हस्ताक्षर हिंदी में ही दिया करूँगा।''

एक बार रामलीला में जनता ने उनसे रामचंद्र जी का तिलक करने के लिए कहा। ज़ाकिर साहब खुशी से आए और तिलक किया। इस पर कुछ उर्दू अख़बारों ने एतराज किया। ज़ाकिर साहब ने जवाब दिया, ''इन नादानों को मालूम नहीं है कि मैं भारत का राष्ट्रपति हूँ, किसी खास धर्म का नहीं।'' ज़ाकिर साहब राष्ट्रपति भवन में सादगी और विनम्रता के साथ कलाप्रियता को भी ले आए थे। उनकी आँखों में ब्रिटेन के अभिमान के अवशेष शीशे के टुकड़ों के समान खटकते। उन्होंने मुगल उद्यान को न केवल सुरक्षित रखा, अपितु अपने व्यक्तित्व के वैभव से उसकी वृद्धि भी की। उनके समय में राष्ट्रपति भवन के बगीचों में 400 किस्म के नए गुलाब लगाए गए।

(क) ज़ाकिर साहब से मिलने के लिए समय प्राप्त करने में देर नहीं लगती थी; इसके लिए लेखिका ने क्या उदाहरण दिया है? 2

(ख) हिंदी सीखने के बारे में किए गए प्रश्न का ज़ाकिर साहब ने क्या उत्तर दिया? 2

(ग) उर्दू अख़बारों ने क्या एतराज़ किया? ज़ाकिर साहब ने उनको क्या जवाब दिया? 2

(घ) ज़ाकिर साहब ने राष्ट्रपति भवन में क्या परिवर्तन किए? 2

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 6

विषुवत्-रेखा का वासी जो,
जीता है नित हाँफ-हाँफकर,
रखता है अनुराग अलौकिक
वह भी अपनी मातृभूमि पर,
कर देता है प्राण निछावर।
तुम तो हे प्रिय बंधु! स्वर्ग-सी,
सुखद सकल विभवों की आकर,
धरा-शिरोमणि मातृभूमि में,
धन्य हुए हो जीवन पाकर।।
तुम जिसका जल-अन्न ग्रहणकर,
वह भी अपनी मातृभूमि पर।।
ध्रुववासी जो हिम में, तम में,
जी लेता है काँप-काँपकर,
बड़े हुए लेकर जिसका रज,
तन रहते कैसे तज दोगे,
उसको, हे वीरों के वंशज।।
जब तक साथ एक भी दम हो,
हो अवशिष्ट एक भी धड़कन,
रखो आत्म-गौरव से ऊँची,
पलकें, ऊँचा सिर, ऊँचा मन।।

(क) विषुवत् रेखा के वासियों को क्या कष्ट होता है और वे उसे क्यों सहन कर लेते हैं? 2

(ख) कवि ने वीरों के वंशज किसे कहा है और वह उन्हें क्या कहना चाहता है? 2

(ग) इस काव्यांश के द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है? 2

*अथवा*

जो बीत गई सो बात गई,
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया।
अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अंबर शोक मनाता है।
जो बीत गई सो बात गई।

जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख गया तो सूख गया,
मधुबन की छाती को देखो
सूखी कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाईं कितनी वल्लरियाँ
जो मुरझाई फिर कहाँ खिली,
पर बोलो सूखे फूलों पर
कब मधुबन शोर मचाता है?
जो बीत गई सो बात गई।

(क) कवि ने 'सितारा' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है? उसके डूबने का क्या अर्थ है? 2

(ख) अंबर को क्या सहन करना पड़ता है? 2

(ग) मधुबन सूखे फूलों पर शोर क्यों नहीं मचाता? 2

## खंड -'ख' व्यावहारिक व्याकरण

3. 'मोहन' शब्द का पद और शब्द के रूप में प्रयोग कीजिए तथा दोनों में अंतर बताइए। 1

4. निम्नलिखित किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए– 3
   (i) उस व्यक्ति को बुलाओ, जो लाल टोपी पहने है। (सरल वाक्य)
   (ii) तुम बाजार जाकर फल ले आओ। (संयुक्त वाक्य)
   (iii) श्याम घर गया और उसने खाना खाया। (मिश्रित वाक्य)
   (iv) आज बिजली गुल हो गई। पानी भी नहीं आया (संयुक्त वाक्य)

5. (क) निम्नलिखित में किन्हीं दो के समास-विग्रह का समस्तपद बनाकर समास का नाम भी बताइए– 2
   शक्ति के अनुसार, महान है जो पुरुष, अज्ञात है जो वास।
   (ख) निम्नलिखित किन्हीं दो समस्तपदों का समास विग्रह करके समास का नाम भी बताइए– 2
   प्रतिदिन, अभावग्रस्त, मृदुवचन।

6. निम्नलिखित किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए– 4
   (i) पशुओं को काटकर चारा डाल दो।
   (ii) आप ठीक बोलते हो।
   (iii) मैं नया पोशाक पहनूँगा।
   (iv) कबीर एक भारत के सच्चे संत थे।
   (v) तुम सपरिवार सहित आना।

7. निम्नलिखित किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 3
   लोहे के चने चबाना, काम तमाम करना, कान का कच्चा होना।

## खंड -'ग' पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 + 2 + 1 = 5
   (क) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है?
   (ख) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में पुलिस ने आयोजन को रोकने के क्या प्रयास किए थे?
   (ग) वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे?
   *अथवा* बड़े भाई साहब छोटे भाई से हर समय पहला सवाल क्या करते थे?

9. रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। लेखक ने ऐसा क्यों कहा? 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5
   *अथवा* 'जीवन की समझ व्यावहारिक अनुभव से आती है' बड़े भाई साहब के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 + 2 + 1 = 5

(क) गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं?

(ख) तोप कहाँ सँभालकर रखी गई है और क्यों?

(ग) कबीर ने मीठी वाणी के कौन-से दो प्रभाव बताए हैं?

*अथवा* 'पर्वत प्रदेश में पावस' में पर्वत का गौरवगान कौन करता है?

11. 'क्या आत्मत्राण' कविता में कवि की प्रार्थना अन्य प्रार्थना गीतों से भिन्न है? यदि हाँ, तो कैसे? 5

*अथवा* 'कर चले हम फ़िदा' कविता में देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ की गई हैं? क्या हम उन अपेक्षाओं को पूरा कर रहे हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

12. विद्यालय में प्रधानाचार्य व शिक्षकों का व्यवहार छात्रों के प्रति कैसा होना चाहिए? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए। 3

[redacted] यदि आपके आस-पास हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेंगे? 2

## खंड -'घ' लेखन

13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– 5

(क) काल्ह करे सो आज कर

**संकेत-बिंदु**— • योजनाओं को कार्य रूप देना • कर्म ही सफलता का मूलमंत्र • कर्मशीलता का संदेश।

(ख) वनों का महत्त्व

**संकेत-बिंदु**— • प्रकृति की अनुपम देन • वनों की उपयोगिता • वनों का दोहन • वन संरक्षण।

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

**संकेत-बिंदु**— • लक्ष्य निर्धारण • लक्ष्यपूर्ण जीवन • लक्ष्य पूर्ति का प्रयास • लक्ष्य निर्धारण के कारण।

14. आप 112, छोटी चौपाल, राँची के निवासी अनिमेष हैं। अपने क्षेत्र में बिजली की कटौती से उत्पन्न संकट की ओर अधिकारियों का ध्यान दिलाने हेतु 'दैनिक समाचार' के संपादक को पत्र लिखिए। 5

*अथवा* बैंक की चैक-बुक खो जाने की सूचना हेतु बैंक-प्रबंधक को पत्र लिखिए।

15. आपका संस्थान 'विश्व योग दिवस' पर एक दिवसीय योग-शिविर का आयोजन कर रहा है। इसकी सूचना तैयार कीजिए। 5

*अथवा* केंद्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली में 'छात्र संघ' के चुनाव हेतु सूचना तैयार कीजिए।

16. 'बच्चों को समय पर टीका' लगवाने की सीख देते हुए डॉक्टर तथा अभिभावक के मध्य संवाद-लेखन कीजिए। 5

*अथवा* मतदान के महत्त्व को समझाते हुए दो नागरिकों के मध्य संवाद-लेखन कीजिए।

17. पोलियो-उन्मूलन का विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

*अथवा* शैंपू बनाने वाली कंपनी की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।